रक्षा सम्पदा महानिदेशालय
(राजभाषा अनुभाग)

विषय : रक्षा संपदा महानिदेशालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29.09.2022 को 15.30 बजे हुई तिमाही बैठक का कार्यवृत्त ।

रक्षा सम्पदा महानिदेशालय की जुलाई से सितंबर, 2022 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 29.09.2022 को 15.30 बजे श्री अजय कुमार शर्मा, महानिदेशक, रक्षा सम्पदा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित थे:-

1.	श्रीमती मीना बी शर्मा	वरिष्ठ अपर महानिदेशक	सदस्य
2.	श्री वलेटि प्रेमचंद	अपर महानिदेशक (भूमि/सर्वे)	सदस्य
3.	श्री रवि शंकर	अपर महानिदेशक (भूमि)	सदस्य
4.	श्री मधुकर नायक	उप महानिदेशक (भूमि)	सदस्य
5.	श्री अरविंद कुमार द्विवेदी	उप महानिदेशक (सतर्कता)	सदस्य
6.	श्री जे एल बिश्नोई	सहायक महानिदेशक (अधि/किराया)	सदस्य
7.	श्री अभिषेक आजाद	सहायक महानिदेशक (समन्वय/ई-छावनी)	सदस्य
8.	श्री श्रीकांत शर्मा	उप निदेशक (छावनी)	सदस्य
9.	श्रीमती चारू तिवारी	सहायक निदेशक (राजभाषा)	सदस्य-सचिव

उपस्थित अन्य स्टाफ

श्री दीपक कुमार ऋषि, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
श्री तेजराज सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

2 सदस्य-सचिव ने अध्यक्ष महोदय और बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई।

3. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:-

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक का आयोजन 17 जून 2022 को किया गया था, बैठक के कार्यवृत्त सभी अधिकारियों को भेजे गए थे। उनकी ओर से कोई टिप्पणी प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त पर सभी की सहमति की पुष्टि की गई।

(समिति सूचनार्थ)

4. राजभाषा के प्रगामी प्रयोग संबंधी गतिविधियां:-

(i) इस मद पर समिति को संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रक्षा संपदा कार्यालय, जयपुर , छावनी बोर्ड, अहमदाबाद तथा रक्षा संपदा कार्यालय, अहमदाबाद के क्रमश: नई दिल्ली एवं राजकोट (गुजरात) में किए गए निरीक्षणों की जानकारी दी गई । साथ ही रक्षा संपदा कार्यालय गुवाहाटी एवं रक्षा संपदा कार्यालय तेजपुर के गुवाहाटी में हुए निरीक्षण की जानकारी भी दी गई। इन सभी सफल निरीक्षणों की विस्तृत सूचना महानिदेशक महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जा रही है।

(ii) सूरत (गुजरात) में दिनांक 14-15 सितंबर 2022 को संपन्न 'हिंदी दिवस 'एवं 'द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' की जानकारी 30 सितंबर 2022 को समाप्त महानिदेशालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में उल्लिखित की जाएगी। यह रिपोर्ट आगामी कार्रवाई हेतु रक्षा मंत्रालय को प्रेषित की जाती है।

(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग)

5. **महानिदेशालय के अनुभागों के राजभाषा कामकाज की समीक्षा** :-

कार्यवृत्त की इस मद पर चर्चा के दौरान समिति को सूचित किया गया कि महानिदेशालय के अनुभागों में राजभाषायी कामकाज में प्रतिशतता वृद्धि हेतु अपेक्षित उपाय अपनाए जा रहे हैं। अन्य सभी अनुभाग एवं राजभाषा अनुभाग परस्पर सामंजस्य से इस दिशा में प्रयत्नशील है। यह भी निर्णय लिया गया कि जो नोट या पत्र राजभाषा अनुभाग द्वारा अनुवादित किए जा रहे हैं, वे सभी संबंधित प्रभाग को साथ-साथ (प्रति) उपलब्ध करा दी जाएगी। वरिष्ठ अपर महानिदेशक इस तरह से संपादित /अनुवादित दस्तावेजों की संख्या को प्रतिमाह मॉनिटर करेंगी।

(कार्रवाई: सभी अनुभाग)

6. **आगामी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन**:-

राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक का आयोजन एक नियमित प्रक्रिया है अत: महानिदेशालय में प्रति तिमाही आयोजित होने वाली राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आगामी बैठक का आयोजन 19 दिसंबर 2022 को किए जाने संबंधी प्रस्ताव को यथा समय महानिदेशक महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

(कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग)

7. उपर्युक्त मदों के अतिरिक्त परस्पर चर्चा के दौरान राजभाषा अनुभाग में हिंदी टंकक की तैनाती संबंधी मामले पर महानिदेशक महोदय द्वारा इस संबंध में जारी निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई रूप में एक अनुरोध पत्र सहायक महानिदेशक (समन्वय) के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

(कार्रवाई: समन्वय अनुभाग)

8. इस कार्यवृत्त को महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा ।

(कार्रवाई: सूचना प्रोद्यौगिकी अनुभाग)

9. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

चारु तिवारी

(चारू तिवारी)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
कृते महानिदेशक, रक्षा सम्पदा

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य

फा सं 35/राजभाषा/रक्षा सम्पदा (65960) दिनांक 06 अक्टूबर, 2022